## एक नजर में

### संविदा स्वास्थ्य कर्मियों की हड़ताल को मिला व्यापक समर्थन

**खरगोन, निप्र ।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत जिले में कार्यरत संविदा स्वास्थ्य अधिकारी एवं कर्मचारियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल छंठे दिन भी जारी रही। सीएमएचओ कार्यालय परिसर में धरनारत कर्मचारियों को रविवार समाज के विभिन्न वर्गों और नागरिकों से व्यापक लिखित एवं भौतिक समर्थन मिलना शुरू हो गया है। संगठन प्रमुख ममता हिरवे ने बताया कि आम नागरिक, वरिष्ठ नागरिक पेंशनर्स एसोसिएशन और मानवाधिकार सुरक्षा संघ की टीम ने संविदा हड़ताल को अपना पूर्ण समर्थन दिया है। वरिष्ठ नागरिक एसोसिएशन के प्रांत प्रमुख एवं जिला अध्यक्ष तथा मानवाधिकार सुरक्षा संघ के प्रदेश अध्यक्ष इंजी. राधेश्याम पाटीदार ने हड़ताली कर्मचारियों से मुलाकात कर समर्थन व्यक्त किया। उनके साथ मध्य प्रदेश विद्युत पेंशनर्स हित संघ के जिला अध्यक्ष पीएल कुशवाह, सचिव रमेश मंडलोई, चिकित्सा संयोजक डॉ. विष्णु प्रसाद शर्मा, मीडिया प्रभारी विनोद सिंह और जिला संयोजक आरके कानूनगो भी मौजूद रहे। इंजी. पाटीदार ने संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों की मांगों को जायज ठहराते हुए कहा कि वर्षों से लंबित इन मांगों पर तत्काल ध्यान दिया जाना चाहिए। उन्होंने सरकार से आग्रह किया कि इन कर्मचारियों की समस्याओं का शीघ्र समाधान किया जाए, ताकि स्वास्थ्य सेवाएं सामान्य हो सकें।

### प्रॉफिट टस्कर अवार्ड्स 2026 में एनटीपीसी खरगोन को दो प्रतिष्ठित सम्मान



**खरगोन, निप्र।** एनटीपीसी खरगोन ने 06 जून 2026 को कोच्चि स्थित क्राउन प्लाज़ा में आयोजित प्रॉफिट टस्कर अवार्ड्स 2026 में दो प्रतिष्ठित सम्मान प्राप्त कर एक और उपलब्धि अपने नाम की। स्टेशन को एचआर डाइवर्सिटी एंड इन्क्लूजन तथा ग्रामीण खेलों में उत्कृष्टता श्रेणियों में सम्मानित किया गया। ये सम्मान समावेशी कार्य संस्कृति को बढ़ावा देने तथा ग्रामीण क्षेत्रों में खेलों के विकास हेतु किए गए निरंतर प्रयासों की मान्यता हैं। पुरस्कार समारोह में एनटीपीसी खरगोन की ओर से श्री रविंदर कुंबम, वरिष्ठ प्रबंधक (मानव संसाधन) ने ये सम्मान प्राप्त किए। इस अवसर पर देशभर के उद्योग जगत के अनेक प्रतिष्ठित प्रतिनिधि एवं विशेषज्ञ उपस्थित रहे। एचआर डाइवर्सिटी एंड इन्क्लूजन श्रेणी में प्राप्त सम्मान एनटीपीसी खरगोन की ऐसी कार्य संस्कृति के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है, जो समान अवसर, विविधता और समावेशिता को प्रोत्साहित करते हुए कर्मचारियों को सशक्त बनाती है। वहीं ग्रामीण खेलों में उत्कृष्टता का पुरस्कार आसपास के ग्रामीण समुदायों में खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने, खेल सहभागिता बढ़ाने तथा खेल अवसंरचना को सुदृढ़ करने हेतु किए गए प्रयासों की सराहना है।

### गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करने की मांग

**खरगोन, निप्र ।** मध्यप्रदेश जमीयत उलेमा-ए-हिंद इंदौर संभाग के अध्यक्ष मौलाना मुफ़्ती मोहम्मद उमर कासमी ने भारत के राष्ट्रपति एवं प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन भेजकर गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित किए जाने की मांग की है। ज्ञापन में कहा गया है कि गाय भारतीय संस्कृति, परंपरा और ग्रामीण अर्थव्यवस्था का महत्वपूर्ण आधार रही है। प्राचीन काल से भारतीय समाज में गाय को विशेष सम्मान प्राप्त है तथा कृषि, दुग्ध उत्पादन और जैविक खेती में उसका महत्वपूर्ण योगदान रहा है। मौलाना उमर कासमी ने अपने ज्ञापन में उल्लेख किया कि गाय से प्राप्त दूध, दही और घी जैसे उत्पाद पोषण के प्रमुख स्रोत हैं। इसके अलावा गोबर का उपयोग जैविक खाद, ऊर्जा उत्पादन तथा अन्य उपयोगी कार्यों में किया जाता है। भारतीय संस्कृति में गाय को मातृ स्वरूप माना गया है और विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक परंपराओं में उसका विशेष स्थान है। ज्ञापन में केंद्र सरकार से आग्रह किया गया है कि गाय के सांस्कृतिक, आर्थिक और सामाजिक महत्व को देखते हुए उसे भारत का राष्ट्रीय पशु घोषित किया जाए। उनका कहना है कि इससे गायों के संरक्षण एवं संवर्धन को बढ़ावा मिलेगा तथा समाज में उनके प्रति जागरूकता और सम्मान की भावना और मजबूत होगी।



### फिर बढ़े सिलेंडर के दाम, बिगड़ रहा घरेलू बजट

**खरगोन, निप्र ।** शहरवासियों के लिए रविवार की सुबह महंगाई का एक और बड़ा झटका लेकर आई। पेट्रोल और डीजल के बढ़ते दामों से जूझ रहे शहर के लोगों की रसोई पर अब एलपीजी के बड़े दामों ने मानों सर्जिकल स्ट्राइक की है। सरकार ने घरेलू गैस सिलेंडर की कीमतों में एक बार फिर भारी बढ़ोतरी कर दी है, जिससे जिले में अब एक सिलेंडर की कीमत एक हजार रुपए के करीब पहुंच गया है। घरेलू सिलेंडर 960 से बढ़कर 986 रुपए 50 पैसे पर पहुंच गया है। बढ़ती महंगाई में शहर के मध्यमवर्गीय परिवारों के लिए अब घर चलाना किसी चुनौती से कम नहीं है। एलपीजी के दाम बढने का असर परिवहन पर भी पड़ रहा है। डीजल-पेट्रोल और सीएनजी की दरों में इजाफा होने से ऑटो किराए से लेकर सब्जी और किराने के सामान की ढुलाई पर पड़ रहा है। महिलाओं का कहना है कि अब घर का बजट पूरी तरह बिगड़ चुका है। सिलेंडर हजार के पार जाना हमारी कमर तोडने जैसा है। तेल, सब्जी और अब गैस समझ नहीं आता कि बचत कहां से करें। पिछले तीन महीनों का गणित देखें तो महंगाई की रफ्तार डराने वाली है। रविवार को एक सिलेंडर पर सीधे 29 रुपये बढ़ाए गए। इससे पहले सात मार्च को सिलेंडर की कीमतों में 60 रुपये का इजाफा हुआ था। तीन महीने के भीतर गैस सिलेंडर पर 89 रुपये की बढ़ोत्तरी हो चुकी है। जबकि कमर्शियल सिलिंडर की कीमतों को पिछले दिनों ही बढ़ाया गया था। कमर्शियल सिलिंडर की कीमत 3 हजार के पार पहुंच गई है। गैस एजेंसियों के संचालकों की माने तो आगामी दिनों में कीमतों में और इजाफा हो सकता है।

### कांग्रेस सोशल मीडिया वॉरियर्स अभियान शुरू



**खरगोन, निप्र ।** मध्य प्रदेश कांग्रेस सोशल मीडिया विभाग द्वारा सोशल मीडिया वॉरियर्स प्रतिभा खोज अभियान का शुभारंभ किया गया है किसी के तहत मध्य प्रदेश सोशल मीडिया विभाग के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं खरगोन जिले के कांग्रेस सोशल मीडिया प्रभारी विवेक मोगरे द्वारा पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए बताया गया कि प्रदेश कांग्रेस के सोशल मीडिया विभाग द्वारा कांग्रेस संगठन की विचारधारा से जोड़ने के लिए सोशल मीडिया पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले युवा, लेखक वीडियो क्रिएटर सोशल मीडिया इन्फ्लूएर्स, ब्लॉगर्स, मोटिवेशन स्पीकर्स, एवं विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों से जुड़े युवाओं ओर आम जनों को कांग्रेस संगठन की विचारधारा से जोड़ कर समाज एवं राष्ट्रहित में कार्य करने का अवसर प्रदान करने हेतु प्रतिभा खोज अभियान चलाया जा रहा है इसी तारतम्य मैं दिनांक 31 में से 15 जून 2026 तक आवेदन आमंत्रित किया जा रहे हैं। 15 जून से 19 जून 2026 तक प्राप्त आवेदनों की जांच की जावेगी। 20 जून 2026 से 23 जून 2026 तक जिला कांग्रेस कार्यालय पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष एवं जिला सोशल मीडिया प्रभारी की उपस्थिति में चयनित आवेदको के प्रत्यक्ष साक्षात्कार होंगे पश्चात 24 जून से 28 जून तक आवेदको की अंतिम चयन प्रक्रिया संपन्न होगी और 30 जून 2026 को चयनित प्रतिभागियों की अंतिम सूची जारी की जाएगी।

# मेमू ट्रेन प्रति दिन चलाने की उठी मांग

## सनावद से चलने वाली ट्रेन को सातों दिन और चार फेरों में पहुंचाएं भुसावल तक

नवभारत न्यूज

**सनावद, निप्र ।** ओंकारेश्वर रोड रेलवे स्टेशन के कार्य में तेजी लाई जाए और वर्तमान में सनावद से खंडवा तक चलाई जा रही मेमू ट्रेन को सप्ताह के सातों दिवस चलाया जाए। ये मांग सामाजिक संस्थाओं सनावद विकास संघर्ष समिति एवं अंकुर फाउंडेशन ने रेल मंत्री से की है।



समिति के सदस्यों ने रेल मंत्री को लिखे पत्र में मांग की है कि मेमू ट्रेन को सातों दिन चलाकर दो की जगह चार फेरे किए जाएं। मेमू ट्रेन को भुसावल खंडवा से बढ़ाकर भुसावल तक किया जाए। ओंकारेश्वर तीर्थ क्षेत्र से दक्षिण भारत की डायरेक्ट कनेक्टिविटी बनाने के लिए मेमू ट्रेन को भुसावल तक बढ़ाया जाना चाहिए। इससे महाराष्ट्र और दक्षिण भारत से ओंकारेश्वर आने वाले हजारों तीर्थयात्रियों का आवागमन सुगम हो सके। समिति ने रेल मंत्री से मांग की है कि वर्तमान में मेमू ट्रेन का आवागमन का समय विसंगतिपूर्ण होने से क्षेत्र के रेल यात्रियों को रेल सुविधा का पूरा लाभ नहीं मिल पा रहा है। इसलिए मेमू ट्रेन के संचालन का समय स्थानीय नागरिकों और सामाजिक संगठनों की सलाह से निश्चित किया जाना चाहिए। समिति ने अन्य प्रांतों से आने वाले तीर्थ यात्रियों के लिए ओंकारेश्वर नगर में रेलवे का रिजर्वेशन काउंटर खोलने की भी पुरजोर मांग की है। ये मांग सनावद विकास संघर्ष समिति एवं अंकुर फाउंडेशन के संयोजक डॉ.राजेंद्र पलोड़, ओमप्रकाश बंसल, राकेश गेहलोत, जाकिर हुसैन अमी, लक्ष्मीकांत राठी, धीरेंद्रसिंह सोलंकी ने रेल मंत्री को लिखे पत्र में कहा है कि सनावद से ओंकारेश्वर चलाई जा रही मेमू ट्रेन सप्ताह में केवल पांच दिन संचालित की जा रही है और सनावद से खंडवा तक आवागमन हेतु मेमू ट्रेन दो फेरे लगाती है। अभी ये ट्रेन सनावद रेलवे स्टेशन से सुबह 11:10 और दोपहर 03:30 बजे खंडवा के लिए रवाना होती है और खंडवा रेलवे स्टेशन से चलकर सनावद रेलवे स्टेशन सुबह 10:30 और दोपहर 3:00 बजे आती है। समिति के सदस्यों मांग की है कि मेमू ट्रेन के चार फेरे किए जाएं। ऐसा करने से सनावद, निमाड़खेड़ी आदि क्षेत्रों के नौकरीपेशा, श्रमिक, व्यापारी और विद्यार्थी खंडवा में अपने कार्यस्थलों तक समय पर पहुंच सकेंगे और समय पर घर लौट सकेंगे। इसी प्रकार ओंकारेश्वर दर्शन को आने वाले हजारों तीर्थयात्री दिन भर पूजन, अर्चन और स्नान के उपरांत समय पर अपने गंतव्य तक पहुंच सकेंगे।

# अवैध हथियारों की तस्करी करते पैडलर गिरफ्तार



**खरगोन, निप्र ।** कोतवाली पुलिस ने अवैध हथियार बेचने निकले एक पैडलर को गिरफ्तार किया है। इसके कब्जे से एक पिस्टल जब्त की गई है। कार्रवाई नवग्रह मेला क्षेत्र में की गई।

पुलिस के अनुसार मुखबिर की सूचना पर कसरावद रोड स्थित नवग्रह तिराहे पर घेराबंदी की गई। यहां रोके गए व्यक्ति ने अपना नाम अयान पिता सलाउद्दीन शाह निवासी जिलानी नगर खरगोन का होना बताया। तलाशी लेने पर उसके पास से 1 पिस्टल मिली। अयान को गिरफ्तार कर आर्म्स एक्ट का प्रकरण पंजीबद्ध किया है। प्राथमिकी पूछताछ में जानकारी सामने आई है कि, आयन ने गुलशन नगर निवासी एक युवक से 2 पिस्टल खरीदी, जिसमें से एक पिस्टल आयन इंदौर निवासी एक युवक को बेच कर आया था। दूसरी बेचने के लिए जा रहा था, जिसके पहले ही पुलिस ने उसे पकड़ लिया।

## मप्र शिक्षक संघ की ब्लॉक स्तरीय बैठक आयोजित

**खरगोन, निप्र ।** मध्यप्रदेश शिक्षक संघ की ब्लॉक इकाई बैठक रविवार को टैगोर पार्क में रखी गई। जिले से नियुक्त पदाधिकारी छगनलाल पाटीदार व बहादुरसिंह अलावे की उपस्थिति में विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। आगामी शिक्षा सत्र में स्कूलों में बच्चों के सर्वांगीण विकास की योजना बनाई साथ ही वर्ष भर संघटन के कार्यों को सुचारू रूप से चलाने की योजना बनाई गई। इस अवसर पर ब्लॉक इकाई अध्यक्ष मनोहर राठौड़, सचिव देवीसिंह वास्कले, एवं मुकुटसिंह कनोजे आदि उपस्थित थे।

## कसरावद में बड़ा हादसा टला, किसान घायल

**कसरावद, निप्र ।** कसरावद निवासी 30 वर्षीय पप्पू पिता मोहन अपने खेत में काम कर रहे थे। इसी दौरान रोड से गुजर रही पाटीदार बस, जिसे चढ़ा ववाला बस भी कहा जाता है, के ऊपर रखी लोहे की चद्दर तेज हवा से उड़ गई। चद्दर सीधे खेत में काम कर रहे किसान पप्पू के पैर में जा लगी, जिससे वे घायल हो गए। बस संचालक की बड़ी लापरवाही घटना सुबह 11:15 बजे की बताई जा रही है। स्थानीय लोगों की मदद से घायल को तुरंत इलाज के लिए ले जाया गया।



## चार साल से ठप नल-जल योजना, अब टैंकरों के सहारे ग्रामीणों की प्यास बुझाने की कोशिश

**कसरावद, निप्र ।** कसरावद ग्राम पंचायत झिरन्या के फूल सिंह फाल्या में नल-जल योजना वर्षों से बंद पड़ी होने के कारण ग्रामीणों को पेयजल संकट का सामना करना पड़ रहा है। लगभग 35 मकानों और करीब 500 लोगों की आबादी वाले इस फाल्या में लोगों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध नहीं हो पा रहा है।

ग्रामीणों का आरोप है कि नल-जल योजना की टंकी तो बनी, लेकिन पिछले चार वर्षों से घरों तक पानी नहीं पहुंचा। पेयजल संकट गहराने के बाद प्रशासन द्वारा पत्रकार अबरार पठान ने प्रमुखता से गरीब आदिवासियों की आवाज बन कर खबर प्रकाशित होने पर फिलहाल टैंकरों से पानी पहुंचाया जा रहा है। कई परिवारों को अब भी पानी के लिए इंतजार करना पड़ता है, जबकि कुछ लोग मजबूरी में गंदा पानी पीने को विवश हैं। ग्रामीणों ने मांग की है कि बंद पड़ी नल-जल योजना को शीघ्र चालू कर नियमित जलापूर्ति सुनिश्चित की जाए, ताकि उन्हें टैंकरों पर निर्भर न रहना पड़े। क्षेत्रवासियों का कहना है कि सरकार की महत्वाकांक्षी योजना का लाभ उन्हें आज तक नहीं मिल सका है। ग्रामीणों ने प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से समस्या का स्थायी समाधान करने की मांग करते हुए कहा कि गर्मी के मौसम में पेयजल संकट और अधिक गंभीर हो जाता है, जिससे आमजन का जीवन प्रभावित हो रहा है।

## गूंजा महिला शक्ति का स्वर, शक्ति सूत्र ग्रैंड सेमिनार में 50 महिलाओं का किया सम्मान



**बड़वाह/सनावद, निप्र ।** शहर के एक निजी होटल में आयोजित 'शक्ति सूत्र ग्रैंड सेमिनार अवार्ड शो' महिला सशक्तिकरण का प्रेरणादायी मंच बनकर उभरा। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली 50 महिलाओं को सम्मानित कर उनकी उपलब्धियों का गौरवपूर्ण सम्मान किया गया। जिलेभर से करीब 400 महिलाओं की सहभागिता ने आयोजन को विशेष बना दिया। कार्यक्रम का आयोजन सुनीता परिहार एवं चंचल पंजाबी द्वारा किया गया।

समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक सचिन बिरला, पूर्व विधायक हितेंद्रसिंह सोलंकी तथा जिला जनपद सदस्य उमा लक्ष्मण काग उपस्थित रहे। अतिथियों ने महिलाओं की उपलब्धियों की सराहना करते हुए उन्हें समाज की प्रेरणा बताया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण टीवी धारावाहिक 'साथ निभाना साथिया' की प्रसिद्ध अभिनेत्री वंदना विठलानी रहीं, जिन्हें दर्शक 'उर्मिला बहन' के किरदार से पहचानते हैं। उन्होंने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने, अपने सपनों को पहचानने और समाज में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बना रही हैं और ऐसे आयोजन उन्हें नई ऊर्जा और आत्मविश्वास प्रदान करते हैं। अभिनेत्री वंदना विठलानी ने जानसी अकादमी बड़वाह की विशेष सराहना करते हुए कहा कि संस्था क्षेत्र की लड़कियों और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में उल्लेखनीय कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि यह अकादमी महिला सशक्तिकरण का सशक्त उदाहरण बन चुकी है और समाज में सकारात्मक बदलाव ला रही है। समारोह के दौरान सम्मान समारोह के साथ प्रेरणादायी संबोधन, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां एवं उत्साहवर्धक गतिविधियां भी आयोजित की गईं। पूरे आयोजन में महिला शक्ति, आत्मविश्वास और सामाजिक जागरूकता का संदेश स्पष्ट रूप से देखने को मिला। जानसी ब्यूटी पार्लर की संचालिका सुनीता परिहार ने कहा कि नारी शक्ति केवल एक शब्द नहीं, बल्कि हर उस महिला की पहचान है जो अपने सपनों को सच करने का साहस रखती है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना और उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना समाज की सबसे बड़ी आवश्यकता है।

## मंगल कलश शोभा यात्रा के साथ श्रीमद भागवत का शंखनाद

**खरगोन, निप्र ।** श्री पुरुषोत्तम मास में पानी बचाओ अभियान की जनजागृति हेतु श्री महामृत्युंजय धाम गांधी नगर में मातृ शक्ति संगठन द्वारा आयोजित श्रीमद भागवत कथा ज्ञान गंगा महायज्ञ के शुभारंभ पर 7 जून रविवार प्रात: 9 बजे श्री अखिलेश्वर महादेव मंदिर से मंगल कलश शोभा यात्रा निकाली गई। शोभायात्रा के प्रथम छोर पर धर्मध्वजा के साथ पंडित श्री गणेश दवे अश्व पर सवार थे। और अंतिम छोर पर कथा व्यास पंडित श्री बृजेश शर्मा सुसज्जित बग्गी में विराजित थे।



शोभायात्रा में देव स्वरूपी कन्याएं मंगल कलश लिए चल रही थी। तरुण वर्ग ढोल ताशे की थाप पर नृत्य करते चल रहे थे और मातृ शक्ति मंगल गान गा रही थी। श्री भागवत पुराण को मुख्य मनोरथी फतेभानु सिंह सोलंकी ने शिरोधार्य किया था। शोभा यात्रा गांधी नगर के मुख्य मार्ग से भ्रमण करती हुई अपराह्न 11 बजे शिवालय पहुंची। जहां परम पूज्य व्यास गादी पर विराजित कथा व्यास पंडित श्री बृजेश जी शर्मा ने कथा महात्म बताते हुए जल की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जल के बिना कोई कथा शुरू नहीं होती क्योंकि कथा के पूर्व पूजन में जल से ही शुद्धिकरण किया जाता है आपश्री ने जल, पर्यावरण एवं गौ माता की रक्षा का संकल्प दिलाया। एवं सुप्रसिद्ध समाजसेवी महेन्द्र गुप्ता के जन्म दिवस पर श्री महामृत्युंजय महामंत्र के साथ दीर्घायु की कामना करते हुए भगवा ओपरने से स्वागत किया। कथा के प्रथम दिवस की आरती मुख्य यजमान के साथ सह मनोरथी राजेश तिवारी ने की। इस अवसर पर मंदिर संरक्षक शंकरलाल गुप्ता, शोभा यात्रा प्रभारी श्रीकृष्ण परसाई, कालूराम कुशवाह, भगवान सेन, गुलाब दरबार, क्षेत्रीय पार्षद भागीरथ बडोले, दीप जोशी, अनिल सोलंकी, रामदास चोधरी सहित अन्य श्रद्धालु एवं बड़ी संख्या में मातृ शक्ति उपस्थित थी।

## गर्मी की छुट्टियों का सदुपयोग विद्यार्थी समर केम्प में ज्ञान अर्जित कर करें...

**मंडलेश्वर, निप्र ।** नगर के सभी स्कूली बच्चे ग्रीष्म कालीन अवकाश का सदुपयोग शासकीय महात्मा गांधी उ मा विद्यालय मंडलेश्वर के खेल मैदान में चल रहे समर केम्प में भाग ले कर करें।



संस्था प्राचार्य जे के सोनी ने बताया कि सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग खरगोन के निर्देश पर मंडलेश्वर में समर केम्प आयोजित हो रहा है जिसमे अधिक से अधिक विद्यार्थियों को शामिल होकर समय का सदुपयोग करना चाहिए। इस केम्प में महात्मा गाँधी स्कूल के खेल शिक्षक मुस्ताक जे पठान सुबह 7 बजे से 9 बजे तक प्रशिक्षण दे रहे है। मुस्ताक जे पठान ने बताया कि समर केम्प 1 जून से 15 जून तक चलेगा इस केम्प में अभी 35 बच्चे भाग ले रहे है जो कि विभिन्न शासकीय और निजी स्कूलों के विद्यार्थी है। केम्प में टेबल टेनिस और वालीवाल का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। वालीवाल में महात्मा गाँधी स्कूल के विद्यार्थियों ने राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर श्रेष्ठ प्रदर्शन किया है।

## नागरिकों को परेशानी से बचाने के लिए विधायक की अनूठी पहल

**सनावद, निप्र ।** कृषकों और आम नागरिकों को अपनी समस्याओं के समाधान हेतु शासकीय विभागों में चक्कर काटने से राहत मिलने की उम्मीद बंधी है। इस तारतम्य में विधायक सचिन बिरला ने अनूठी पहल करते हुए बड़वाह विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न शासकीय कार्यालयों में लंबित प्रकरणों के त्वरित समाधान और आम जन को राहत प्रदान के लिए प्रशासनिक अधिकारियों को संयुक्त दल गठित करने और समस्या निवारण शिविरों के आयोजन हेतु पत्र लिखा है। जिला कलेक्टर, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी और एसडीएम बड़वाह को प्रेषित पत्र में विधायक ने बताया कि बड़वाह विधानसभा क्षेत्र के ग्रामों और नगरों से बड़ी संख्या में नागरिक शासकीय विभागों से जुड़ी समस्याएं लेकर विधायक जन सेवा केंद्र में आ रहे हैं। पत्र में शासकीय विभागों में लंबित प्रकरणों के अंबार पर गहरी चिंता व्यक्त की गई है।

राजस्व, विद्युत, पंचायत, नगरीय निकाय एवं पीएचई जैसे जनसरोकार से सीधे जुड़े विभागों में आमजन की समस्याओं के समाधान के संबंध में न तो उचित मार्गदर्शन दिया जा रहा है और न ही सही जानकारी दी जा रही है। इस कारण नागरिकों को एक टेबल से दूसरी टेबल और एक कार्यालय से दूसरे कार्यालय के चक्कर काटने पर विवश होना पड़ रहा है। लोगों को अनावश्यक परेशानी हो रही है और उन पर अकारण आर्थिक बोझ भी पड़ रहा है। इसलिए व्यापक जनहित में शासकीय विभागों में गतिरोध को समाप्त करने तथा शासन की जन-कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए विशेष अभियान चलाया जाना जरूरी है।

विधायक ने सुझाव दिया है कि शासकीय विभागों में गतिरोध की स्थिति से उबरने के लिए संपूर्ण विधानसभा क्षेत्र में पांच-पांच पटवारी हल्कों और ग्राम पंचायतों को मिलाकर एक क्लस्टर (संयुक्त दल) गठित किया जाए। इस संयुक्त दल में क्षेत्र के पटवारी हल्कों और पंचायतों के अंतर्गत ग्रामों को केंद्र बिंदु बनाया जाए और जन समस्या निराकरण शिविर लगाए जाएं।

शिविरों के दौरान संबंधित ग्रामों के पटवारी, ग्राम पंचायत सचिव, सरपंच, वार्ड पार्षद तथा विद्युत विभाग के लाइनमैन, इंजीनियर एवं अन्य शासकीय विभागों के अधिकारी और कर्मचारी अनिवार्य रूप से एक ही मंच पर उपस्थित रहें। शिविर में संयुक्त दल द्वारा मौके पर ही आवेदन प्राप्त किए जाएं और संबंधित अधिकारी को प्रेषित कर अधिकतम 15 दिवस की अनिवार्य समयसीमा में समस्याओं का निराकरण सुनिश्चित किया जाए।

विधायक ने सुझाव दिया कि उत्तराधिकार एवं पंजीयन विलेख (रजिस्ट्री) के आधार पर लंबित नामांतरण प्रकरणों और लंबे समय से विचाराधीन सीमांकन एवं आपसी सहमति के बटवारा प्रकरणों का मौके पर ही निपटारा किया जाए। इसके अलावा ग्रामों और खेतों में पारंपरिक रास्तों की रोक हटाने संबंधी लंबित विवाद, जबरन और अनाधिकृत कब्जों से जुड़े विवाद, शासकीय एवं निजी भूमि को अतिक्रमण मुक्त करवाने के प्रकरणों, राजस्व रिकॉर्ड विशेषकर भू-नक्शा एवं खसरा में व्याप्त विसंगतियों के शुद्धिकरण एवं नामांतरण से जुड़े प्रकरणों का ऑन-द-स्पॉट समाधान किया जाए। इसी प्रकार प्रधानमंत्री आवास योजना और भुगतान के लंबित प्रकरण, समग्र आईडी, आधार कार्ड आदि के प्रकरण का भी निराकरण किया जाएगा।


## एक नजर में

### समाजसेवी स्व. प्रो. प्रकाशचंद्र महाजन की स्मृति में होगी 26वीं व्याख्यानमाला

# तीन दिवसीय प्रकाश स्मृति व्याख्यानमाला 11 जून से

नवभारत न्यूज

**खरगोन, निप्र ।** समाजसेवी स्व. प्रो. प्रकाशचंद्र जी महाजन की स्मृति में 11 जून से तीन दिवसीय प्रकाश स्मृति व्याख्यानमाला होगी। व्याख्यानमाला में प्रख्यात विद्वानों का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। आयोजन डायवर्सन रोड खरगोन स्थित जलसंसाधन विभाग कार्यालय प्रांगण में होगा।







व्याख्यानमाला आयोजन समिति के संजय पाराशर ने बताया प्रथम दिवस 11 जून को रात्रि 8:33 बजे से सत्य सनातन संस्था के संस्थापक, लेखक व धर्म प्रचारक आचार्य अंकुर आर्य का 'शत्रुबोध व आत्मबोध' विषय पर व्याख्यान होगा। इसी प्रकार द्वितीय दिवस 12 जून को रात्रि 8:33 बजे से ख्यात समाजसेवी व भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. गुरुप्रकाश पासवान का 'सनातन से समरसता' विषय पर व्याख्यान होगा। अंतिम दिवस 13 जून को रात्रि 7:33 बजे से सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता व पीआईएल मैन ऑफ इंडिया डॉ. अश्विनी उपाध्याय का 'सहिष्णुता और जेहाद' विषय पर व्याख्यान होगा। समिति के मोहन परमार ने निमाड़ के बुद्धिजीवियों, खास तौर पर विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे व्याख्यानमाला का लाभ उठाएं। यह आयोजन युवा पीढ़ी को उसकी महान सांस्कृतिक विरासत से अवगत कराने का माध्यम सिद्ध हुआ है। प्रकाश स्मृति सेवा संस्थान खरगोन पर 26वीं प्रकाश स्मृति व्याख्यानमाला को लेकर महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक में तीन दिवसीय व्याख्यानमाला के लिए समसामयिक महत्व के विषयों व वक्ताओं का चयन किया गया। समाज को सनातन के शत्रुओं का बोध कराना, सनातन में समरसता के महत्व को उजागर करना और सहिष्णुता के विरुद्ध सनातन से चले आ रहे आक्रमणों में सनातन कैसे अडिग रहता है अथवा कैसे बचाव या पलायन कर जाता है।